कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 25-12-2024

विषय:- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा क्रिसमस पर्व के दृष्टिगत शहर क्षेत्र का भ्रमण कर देखी सुरक्षा व यातायात व्यवस्था।

- **पुलिस आयुक्त ने बाजार, चर्च, मॉल व अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों का दौरा कर की पैदल गश्त, सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने के दिये निर्देश।**
- **क्रिसमस पर्व के दृष्टिगत सभी प्रमुख स्थलों पर तैनात किये गये है महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल।**
- **भीड़ नियंत्रण व सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु यातायात पुलिस के साथ सिविल पुलिस को किया गया निर्देशित।**
- **महिला सुरक्षा के दृष्टिगत भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में सक्रिय है एंटी-रोमियो टीम, संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की हो जांच।**
- **रात्रि में चोरी, नकबजनी, गृह-भेदन आदि घटनाओं पर नियंत्रण हेतु नियुक्त किये गये है एडीसीपी स्तर के रात्रि चेकिंग अधिकारी।**

आज दिनांक 25.12.2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा क्रिसमस पर्व के दृष्टिगत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित बाजार, मॉल, मंदिर, चर्च व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त कर, यातायात व सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कैण्टोमेंट स्थित सेंट मैरी चर्च, क्रिसमस मेला, नदेसर, आदमपुर, रामनगर, लंका, भेलूपुर, सिगरा आदि स्थानों पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता बरतने व यातायात व्यवस्था को बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। भ्रमण के दौरान सम्बन्धित सहायक पुलिस आयुक्त एवं थाना प्रभारी मौजूद रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।